विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों के द्वारा राजभाषा निरीक्षण

कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों ने 28 मार्च, 2024 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट कार्यालय का राजभाषा निरीक्षण किया। इस निरीक्षण कार्यक्रम की अगुवाई विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों श्री कर्मचन्द, निदेशक (ईसी, ईटी एवं राजभाषा), एवं सहायक निदेशक (राजभाषा), श्री सुशील कुमार ने की। निरीक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों का पुष्प गुच्छ एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार के निरीक्षण से विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों एवं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के राजभाषा अधिकारियों के मध्य आपसी संबंध मजबूत होंगे जो कि राजभाषा कार्यान्वयन को निगम में और बेहतर ढंग से लागू करने में मदद करेगी। श्री सिंह ने हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि हिंदी भाषा का अधिक से अधिक उपयोग निगम के सभी कर्मचारियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर कर्मचारी को अपने सरकारी कार्यों और कर्तव्यों में हिंदी को प्राथमिक भाषा के रूप में स्वीकार करना चाहिए। यह उनके अनुसार हिंदी को बढ़ावा देने और राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

निरीक्षण कार्यक्रम में कारपोरेट कार्यालय की ओर से श्री वीर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक(मा.सं. एवं प्रशा.), श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा), श्री नरेश सिंह, सहायक अधिकारी (हिंदी) एवं श्रीमती हेमलता कौर, कनिष्ठ अधिकारी (अनुवाद) उपस्थित रहे। विद्युत मंत्रालय के अन्य अधिकारी, श्रीमती मीनू, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्री सौरव ठाकुर, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी एवं सुश्री मेघना भी उपस्थित रहीं।

निरीक्षण के दौरान विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों के समक्ष टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की ओर से श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा) द्वारा निगम में राजभाषा से संबंधित क्रियाकलापों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों ने टीएचडीसी में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीएचडीसी ने इस क्षेत्र में अनेक अभिनव प्रयास किए हैं। उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन में वृद्धि करने हेतु अनेक सुझाव भी दिए।

कोटेश्वर यूनिट

कारपोरेट कार्यालय के साथ ही 31 मार्च, 2024 को कोटेश्वर यूनिट का राजभाषा निरीक्षण किया गया। कोटेश्वर यूनिट की ओर से डॉ अमर नाथ त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री डी.पी.पात्रो, अपर महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री इन्द्र राम नेगी, प्रबंधक (राजभाषा) एवं सुश्री वाणी शुक्ला, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ने निरीक्षण बैठक में भाग लिया।

Created by Universal Document Converter

खुर्जा एसटीपीपी

विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों ने 07 मई, 2024 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के खुर्जा एसटीपीपी कार्यालय का राजभाषा निरीक्षण किया । विद्युत मंत्रालय की निरीक्षण टीम में मंत्रालय के श्री सुशील कुमार, सहायक निदेशक (राजभाषा), श्री अनिल कुमार, कनि. अनुवाद अधिकारी, श्री विनय वर्मा शामिल थे। खुर्जा एसटीपीपी की ओर से निरीक्षण बैठक में श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (परियोजना), श्री वीर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक(मा.सं. एवं प्रशा.), श्री आर.एम.दूबे, महाप्रबंधक, श्री अमरेन्द्र विश्वकर्मा, वरि.प्रबंधक (मा. सं. एवं प्रशा.), श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा) एवं श्री वाई.एस.नेगी, कनि. अधिकारी (हिंदी) के साथ अनेक वरि. अधिकारी उपस्थित थे।

एनसीआर कार्यालय, कौशांबी

विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों ने 24 मई, 2024 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के एनसीआर कार्यालय, कौशांबी का राजभाषा निरीक्षण किया। विद्युत मंत्रालय की निरीक्षण टीम में मंत्रालय के श्री कर्मचन्द, निदेशक (ईसी, ईटी, ईवी एवं राजभाषा) तथा श्री सुशील कुमार, सहायक निदेशक (राजभाषा) शामिल थे । एनसीआर कार्यालय कौशांबी की ओर से निरीक्षण बैठक में श्री आर.एस.तोमर, अपर महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा), श्री रोहित जोशी, उप प्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री के. सूर्यामोली, श्री आशीष जैन, कनि.अधिकारी (हिंदी) सहित अनेक वरि. अधिकारी उपस्थित थे।

टिहरी यूनिट

विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों ने 29 मई, 2024 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की टिहरी यूनिट का राजभाषा निरीक्षण किया। विद्युत मंत्रालय की निरीक्षण टीम में मंत्रालय के श्री सुशील कुमार, सहायक निदेशक (राजभाषा), श्री अंजल कुमार विनय, वरि. अनुवाद अधिकारी एवं श्री सौरव ठाकुर, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी शामिल थे। टिहरी यूनिट की ओर से श्री एल.पी.जोशी, कार्यपालक निदेशक(टीसी), डॉ अमर नाथ त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री इन्द्र राम नेगी, प्रबंधक(राजभाषा), श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा), श्री आर.डी.मंमगाई, उप प्रबंधक (पीआर), सुश्री बानी शुक्ला, सहा. प्रबंधक(राजभाषा) एवं श्रीमती नीरज सिंह, सहा.प्रबंधक(राजभाषा) सहित अनेक वरि. अधिकारी उपस्थित थे।

Created by Universal Document Converter

वीपीएचईपी, पीपलकोटी

विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों ने 31 मई, 2024 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की वीपीएचईपी यूनिट का राजभाषा निरीक्षण किया। विद्युत मंत्रालय की निरीक्षण टीम में मंत्रालय के श्री सुशील कुमार, सहायक निदेशक (राजभाषा), श्री अंजल कुमार विनय, वरि. अनुवाद अधिकारी एवं श्री सौरव ठाकुर, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी शामिल थे। वीपीएचईपी पीपलकोटी की ओर से श्री जे. एस. बिष्ट, अपर महाप्रबंधक (प्रभारी) (यांत्रिक, सा. एवं पर्या.), श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक (वित्त), श्री वी.डी. भट्ट, वरि. प्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक (राजभाषा), श्री वाई.एस. चौहान सहित अनेक वरि. अधिकारी उपस्थित थे।

******

Created by Universal Document Converter